# Class 6 Maths Important Questions Hindi Medium
## Chapter 12 वाणिज्य गणित UP Board

### अतिलघूत्तरात्मक प्रश्न

प्रश्न 1.
4 व 5 को अनुपात के रूप में लिखिए।
उत्तर:
4 : 5

प्रश्न 2.
5 : 4 तथा 10 : 8 समानुपात में हैं या नहीं?
उत्तर:
5 : 4 = 5 : 4
10 : 8 = $\frac{10}{8}$ = $\frac{5}{4}$ = 5:4
अतः समानुपात में हैं।

प्रश्न 3.
एक पिकनिक में 24 लड़कियाँ और 16 लड़के जा रहे हैं। लड़कियों की संख्या का लड़कों की संख्या से अनुपात बतलाइए।
उत्तर:
$\frac{24}{16}$ = $\frac{3}{2}$ = 3 : 2

प्रश्न 4.
6 : 4 के दो तुल्य अनुपात लिखिए।
उत्तर:
6 : 4 = $\frac{6}{4}$ = $\frac{3}{2}$ = $\frac{12}{8}$

### लघूत्तरात्मक प्रश्न

प्रश्न 1.
90 सेमी. और 1.5 मी. का अनुपात ज्ञात कीजिए।
हल:
दोनों राशियाँ समान इकाई में नहीं हैं। अतः उन्हें समान इकाई में बदलने पर 1.5 मी. = 1.5 × 100 सेमी. = 150 सेमी.
अतः वांछित अनुपात है
90 : 150 = $\frac{90}{150} = \frac{90+30}{150+30} = \frac{3}{5}$
अतः वांछित अनुपात है 3:5

प्रश्न 2.
राम और श्याम के बीच 60 रु. को 1 : 2 में बाँटिए।
हल:
अनुपात के दो हिस्से 1 और 2 हैं।

अतः, दोनों हिस्सों का योग = 1 + 2 = 3
इसका अर्थ है कि यदि कुल 3 रु. हैं तो राम को 1 रु. और श्याम को 2 रु. मिलेंगे। अर्थात् 3 में से राम को एक हिस्सा और श्याम को 2 हिस्से मिलेंगे।
अतः, राम का हिस्सा = $\frac{1}{3}$ × 60 रु. = 20 रु.
और श्याम का हिस्सा = $\frac{2}{3}$ × 60 रु. = 40 रु.

प्रश्न 3.
105 लिफाफों का मूल्य 35 रु. है। 15 रु. में कितने लिफाफे खरीदे जा सकते हैं?
हल:
35 रु. में खरीदे जा सकने वाले लिफाफों की संख्या = 105
अतः, 1 रु. में खरीदे जा सकने वाले लिफाफों की संख्या = $\frac{105}{35}$
अतः, 10 रु. में खरीदे जा सकने वाले लिफाफों की संख्या होगी = $\frac{105}{35}$ × 10 = 30
इस प्रकार 10 रु. में 30 लिफाफे खरीदे जा सकते हैं।

https://www.evidyarthi.in/